प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कृषि विधेयकों को किसानों के बीच लोकप्रिय बनाने पर पंतनगर में वेबिनार

पंतनगर। 29 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा 'भारत सरकार द्वारा पारित कृषि विधेयकों को कृषकों के बीच लोकप्रिय' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में विशेषज्ञ के रूप में लुधियाना के वैज्ञानिक, डा. अरविन्द कुमार एवं डा. राजेश राणा उपस्थित थे। वेबिनार में कृषि बिल संबंधी वीडियो फिल्म दिखाकर तथा कृषि बिल संबंधी बिन्दुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। वेबिनार में उत्तराखण्ड राज्य के कृषि विज्ञान केन्द्रों, काशीपुर, हरिद्वार, देहरादून, चमोली, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चम्पावत एवं नैनीताल के 149 कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कृषि अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक, डा. बी.डी. सिंह द्वारा किया गया।



वेबिनार में वीडियो फिल्म के माध्यम से कृषि बिल पर गहनता से विचार करते वैज्ञानिक।